पेज थ्री
देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार 6 जनवरी 2022

पेज 8

# हमारा दून



राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलवाते हुए राज्यपाल।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल चंद्र पुनेठा बने उत्तराखंड के नए मुख्य सूचना आयुक्त

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि ) ने बुधवार को राजभवन में अनिल चंद्र पुनेठा को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा विवेक शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलवाई। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अनिल चंद्र पुनेठा को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा विवेक शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे ।

### उत्तराखंड में खाकी के अभियान से लौटी 1072 परिवारों की मुस्कान

**संवाददाता** देहरादून। गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश के लिए समर्पित उत्तराखंड पुलिस के अभियान आपरेशन स्माइल ने 1072 परिवारों की मुस्कान लौटाई है। पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि गत वर्ष 15 सितंबर से 15 दिसंबर तक तीन माह में पुलिस ने इन गुमशुदा को ढूंढकर उनके परिवार तक पहुंचाया। इसके अलावा राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने भी इस कार्य के लिए एक टीम का गठन किया है।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा– सैनिकों का अपमान कर रही कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने गलवन घाटी में तिरंगा फहराने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सैनिकों का अपमान करार दिया है। जोशी ने एक बयान में कहा कि उत्तराखंड जैसे सैन्य बहुल प्रदेश के सैकड़ों जवान खून जमा देने वाली ठंड में सीमाओं पर डटे हैं और इधर कांग्रेस के नेता बार–बार देश का मनोबल तोड़ने वाली झूठी खबरें फैलाते हैं। उन्होंने भारतीय जवानों के शौर्य पर लगाए गए प्रश्नचिह्न पर माफी मंगवाने की हिम्मत करेंगे।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया अपना नया फंड ऑफर

**संवाददाता** देहरादून। देश के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज अपना नया फंड ऑफर–'एक्सिस मल्टीकैप फंड' लॉन्च करने की घोषणा की। अनेक खूबियों से युक्त यह फंड 26 नवंबर, 2021 को खुलने जा रहा है और 10 दिसंबर, 2021 को बंद होगा। यह एनएफओ निवेशकों को लार्ज, मिड और स्मॉलकैप शेयरों में निवेश करने का अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्येक श्रेणी में न्यूनतम समान एक्सपोजर होगा।

# अचानक बदल गया उत्तराखंड में मौसम का मिजाज

**मौसम**

■ बुधवार को देहरादून में दिनभर हुई बारिश, चारधाम सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

**संवाददाता**

देहरादून। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राजधानी दून व आसपास के इलाकों के साथ पूरे उत्तराखंड में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। मैदानी इलाकों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी से तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है।



**केदारनाथ, तुंगनाथ में दो फीट से अधिक बर्फ, चोपता लकदक** केदारनाथ में दो फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है। यहां निरंतर हो रही बर्फबारी से दिनभर तापमान माइनस में रहा। उधर, द्वितीय केदार मद्महेश्वर व तृतीय केदार तुंगनाथ, चंद्रशिला व हरियाली कांठा में भी दो फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है। जबकि पर्यटक स्थल चोपता बर्फ से लकदक हो गया है। बुधवार को बर्फ का आनंद लेने कई पर्यटक चोपता पहुंचे। इधर, निचले इलाकों में रूक–रूककर रिमझिम बारिश से कड़ाके की ठंड के कारण बाजारों में चहलकदमी भी कम रही।

**बारिश–बर्फबारी से शीतलहर की चपेट में चमोली जनपदः** चमोली जनपद में बुधवार को दिनभर बारिश और बर्फबारी होती रही। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, लाल माटी, फूलों की घाटी, गौरसों बुग्याल, औली, नीती और माणा घाटियों के साथ ही ऊंचाई क्षेत्र के गांवों में जमकर बर्फबारी हुई। नंदा देवी, नीलकंठ, सतोपंथ सहित दर्जनों चोटियां बर्फ से ढक गई हैं। बदरीनाथ धाम में करीब एक फीट और हेमकुंड साहिब में डेढ़ फीट तक जाती बर्फ जम गई है। बारिश–बर्फबारी से समूचा जनपद शीतलहर की चपेट में है। ठंड से बचने के लिए लोग दिनभर अपने घरों में ही दुबके रहे। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

बारिश से मलारी हाईवे सलधार के पास अवरुद्ध हो गया है, जबकि हेलंग–उर्गम मोटर मार्ग भी पावर हाउस के समीप अवरुद्ध है। जिससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मलारी हाईवे बंद होने से सेना और आईटीबीपी के वाहनों की आवाजाही भी ठप रही। जोशीमठ, गोपेश्वर, पोखरी, घाट, पीपलकोटी, नंदप्रयाग सहित अन्य क्षेत्रों में दिनभर बारिश होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

निजमुला घाटी के पाणा, ईराणी, सुतोल, कनोल, रामणी, डुमक, कलगोठ सहित ऊंचाई वाले गांवों में भी बर्फबारी हुई। जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने भारी बर्फबारी को देखते हुए ऊंचाई वाले क्षेत्रों में खाद्यान्न सहित अन्य जरुरी सुविधाओं के लिए अधिकारियों को लगातार ग्रामीणों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए हैं।

**रूपकुंड, वेदनी, ब्रह्मताल बर्फ से ढ़केः** रूपकुंड वेदनी, आली बगुवावासा, आयजनटाप, ब्रह्मताल बर्फ से ढक गए हैं। वांण, वांक, कुलिंग, लोहाजंग, घेस, बलाण, हिमनी, पिनाऊ, रामपुर, तोरती, सौरीगाड़ में बर्फबारी हुई है। बुधवार को बर्फबारी को देखने 100 से अधिक पर्यटक ब्रह्मताल पहुंचे। बेस कैंप लोहाजंग में भी कई पर्यटक रुके हैं। लोहाजंग के इंद्र राणा ने कहा कि बुग्यालों में बर्फ देखने कई शहरों से पर्यटक ब्रह्मताल भी गए हैं।

**बारिश से निचली घाटियों में कड़ाके की ठंडः** बुधवार को कर्णप्रयाग सहित पिडंरघाटी क्षेत्र में सुबह से जारी बारिश के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बेनीताल, नौटी, नंदासैंण सहित ऊंचाई वाले गांवों में लोग दिनभर ठंड से कांपते रहे। वहीं, नदी किनारे वाले कस्बों में ठंडी हवाएं चलने ठंड बढ़ गई है। बारिश से बाजारों में भीड़भाड़ कम रही। वहीं थराली में भी लगातार बारिश लगी रही।

### चारधाम सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

बुधवार को देहरादून में सुबह से बादल छाए रहे। वहीं चारधाम सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई। उत्तरकाशी जनपद में मौसम खराब है। यमुनोत्रीधाम व आसपास की चोटियों पर बर्फबारी हुई। निचले इलाकों में बारिश से यहां ठंड बढ़ गई है। लोग घरों में ही दुबके हुए हैं।

# चिकित्सकों के सेवा समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता

**लोकार्पण**

■ सीएम ने हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून के सेलाकुई स्थित सेंट्रल होप टाउन में हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मुख्यमार्ग से विश्वविद्यालय के परिसर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा।

ट्रंचिग ग्राउंड को अन्यत्र शिफ्ट किए जाने हेतु परीक्षण कराया जायेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय का परिसर बनने से क्षेत्र को भी अनेक फायदे होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल के दौरान चिकित्सकों के सेवा समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनेक सराहनीय कार्य हुए। वैज्ञानिकों ने स्वदेशी वैक्सीन निर्मित की। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में लगातार कोविड टीकाकरण का महाअभियान चल रहा है। राज्य में 15 से 18 वर्ष के सभी 06 लाख 28 हजार किशोरों का टीकाकरण एक सप्ताह में पूर्ण किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के साथ ही अन्य अवस्थापन सुविधाओं को भी विकसित करने के लिए सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीटों में बढ़ोतरी की है, वहीं एमबीबीएस की फीस को भी कम किया है। इसके अलावा एमबीबीएस इंटर्न को मिलने वाले स्टाइपेंड को भी 7500 से बढ़ाकर 17000 कर दिया है।

### सीएम ने की सफाई कर्मचारियों का मानदेय 500 रू. प्रतिदिन किये जाने की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री भगवत प्रसाद भकवाना के नेतृत्व बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने भेंट की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के साथ ही कर्मचारियों की अन्य कई समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों के व्यापक हित में उनके मानदेय को 350 रू. प्रतिदिन के स्थान पर 500 रू. प्रतिदिन किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम अवतार राजौर, श्री मदन वाल्मीकि सहित अन्य पदाधिकारी एवं सफाई कर्मी उपस्थित थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।